हनुमत दौड़ा आता है | By Kunal Kalra

राम नाम की माला जप कर
जो कोई इनको बुलाता है
हनुमत दौड़ा आता है
मेरा हनुमत दौड़ा आता है
वो नैया पार लगाता है
फिर नैया पार लगता है
हनुमत दौड़ा आता है
मेरा हनुमत दौड़ा आता है

जो कोई इनके दर पे आता
उसके दु:ख कभी निकट ना आता
बूंदी का जो भोग लगाए
उसका हर संकट मिट जाए
सियाराम का सेवक है वो
राम का दूत कहता है
हनुमत दौड़ा आता है
मेरा हनुमत दौड़ा आता है

राम सिया के नाम की माला
हनुमत जपते रहते हैं
सीने में देखो हनुमान के
सियाराम जी रहते हैं
जन्मो जन्मो का नाता
मेरा बालाजी निभाता है
हनुमत दौड़ा आता है,
मेरा हनुमत दौड़ा आता है

सारे भक्त हैं एक बराबर
भक्ति में कोई भेद नहीं
देव हज़ारो हैं दुनिया में
इनके जैसा देव नहीं
गौतम लिखता है देखो
और भक्त कुणाल ये गाता है
हनुमत दौड़ा आता है
मेरा हनुमत दौड़ा आता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a4-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-kunal-kalra/